

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

शुक्रवार

30 सितम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


**पंचमी स्कंदमाता**



या देवी सर्वभूतेषु मां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

## विरासत से खिलवाड़... सम्राट अशोक के ऐतिहासिक शिलालेख पर बना दिया मजार

**केटी न्यूज/पटना**

विरासत को सहेजने के बजाय उसका अपमान और खिलवाड़ करने से जुड़ा एक मामला सामने आया है। दरअसल, रोहतास की चंदन पहाड़ी में स्थित महान मौर्य सम्राट अशोक के एक ऐतिहासिक शिलालेख पर मजार बना दिया गया है। मजेदार बात यह है कि इस शिलालेख पर चूने से पोताई करवा कर यहां अब चादर चढ़ाई जाती है। ज्ञात हो कि पूरे देश में अशोक के ऐसे आठ शिलालेख हैं, जिनमें बिहार में केवल एक ही है। सम्राट अशोक ने रोहतास के सासाराम स्थित कैमूर पहाड़ी में शिलालेख उत्कीर्ण कराए थे। इस पर ब्राह्मी लिपि में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द के संदेश लिखे हैं। जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण 2300 से अधिक विरासत के साथ खिलवाड़ किया गया है।



- रोहतास की चंदन पहाड़ी का मामला
- शिलालेख पर चूने से पोताई कर चढ़ाई जा रही चादर
- शिलालेख पर ब्राह्मी लिपि में लिखे गए हैं सामाजिक और धार्मिक सौहार्द के संदेश

**पुरात्तव विभाग द्वारा लगाया बोर्ड उखाड़ कर फेंका**

कैमूर पहाड़ी पर चंदन शहीद मजार से लगभग 20 फीट नीचे पश्चिम दिशा में 10 फीट लंबा एवं 4 फीट चौड़े गुफा में यह लघु शिलालेख है। लंबे समय तक शिलालेख के प्रवेश द्वार पर कोई गेट नहीं था। पुरात्तव विभाग द्वारा संरक्षण के बाद यहां एक बोर्ड भी विभाग द्वारा लगाया गया था। परंतु कुछ दशक पहले यहां से बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया गया। फिर यहां ग्रिल लगाया गया, तब ग्रिल में से इस शिलालेख को देखा जा सकता था। लेकिन फिर ग्रिल की जगी लोहे का दरवाजा लगा दिया गया, जिससे अब शिलालेख कोई नहीं देख पाता। एक बार फिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने संरक्षित स्मारक के रूप में अधिसूचित करने के लिए केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी है।

**बिहटा के दियारा इलाके में हुई घटना, शत्रुघ्न राय और श्री राय के बीच खूनी भिड़ंत में हजारों राउंड चली गोली**

# बालू पर वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच फायरिंग में पांच लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना और भोजपुर की सीमा से सटे बिहटा के दियारा इलाके में बुधवार की देर रात बालू पर वर्चस्व को लेकर दो बालू माफिया शत्रुघ्न राय और श्री राय के बीच गैंगवार में पांच से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। दोनों गुटों के बीच हुई इस खूनी भिड़ंत के दौरान हजारों राउंड गोलियां चलीं। इस दौरान पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से घंटों गूंजता रहा। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां उसे 500 से अधिक खोखे, दर्जनों गोलियों का डिब्बा और एक मोबाइल फोन मिला। हालांकि पुलिस को वहां से किसी का शव नहीं मिला। जानकारी के अनुसार मृतकों में मोस्ट वांटेड बालू माफिया शत्रुघ्न राय भी शामिल है। मरने वालों में मनेर के नागा टोला गोरैया स्थान निवासी शत्रुघ्नक राय

- मोस्ट वांटेड बालू माफिया शत्रुघ्न राय ढेर
- गोलियों की तड़तड़ाहट से घंटों गूंजता रहा पूरा इलाका
- घटनास्थल से 500 से अधिक खोखे, दर्जनों गोलियों का डिब्बा बरामद
- सभी मृतकों का पूर्व से भी रहा है आपराधिक इतिहास

और हरेंद्र राय, व्यापुर के रहने वाले व नाव मालिक लालदेव राय, भोजपुर चांदी निवासी व अभय कुमार सिंह के पुत्र बिमलेश उर्फ विक्की कुमार सिंह और नया भोजपुर के बिनगाओ गांव के दो निवासी का नाम सामने आ रहा है। बालू पर वर्चस्व को लेकर पहले भी बिहार में कई जगह गैंगवार की घटनाएं हो



चुकी हैं। इसके बाद भी इस मामले में सरकार ने कोई सख्ती दिखाई न ही पुलिस प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई की गई। नतीजा आए दिन बालू माफिया के बीच भिड़ंत होती रहती है।

**कई लोगों के घायल होने की सूचना:** जानकारी के अनुसार गोलीबारी में कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। एक घायल का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। सभी मृतकों का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान चला रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद एएसपी अभिनव धीमन, बिहटा थानेदार सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं बालू माफिया सभी मृतकों के शवों को लेकर फरार हो गए। मौका ए वारदात पर जगह-जगह खून के धब्बे दिख रहे थे।

**डेढ़ साल के दौरान 9475 लोगों की गिरफ्तारी**

बिहार में बालू के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर डेढ़ साल में बिहार पुलिस ने 4780 मामले दर्ज किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2021 से 30 जून 2022 तक पटना, भोजपुर, सारण समेत 13 जिलों में 9475 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**माफिया को नेताओं का संरक्षण**

अकेले पटना और भोजपुर में बालू के अवैध उत्खनन में कई माफिया लिप्त हैं। इन गैंग्स को सफेदपोशों का भी संरक्षण प्राप्त है। कहीं संरक्षण तो कहीं बंदूक के बल पर बालू से नोट छापने का खेल कई वर्षों से चल रहा है। प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## जनप्रतिनिधि सहित दो की हत्या की साजिश रचने वाला एक बदमाश गिरफ्तार

**एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा गोलियां और एक मोबाइल बरामद**

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर में जनप्रतिनिधि सहित दो लोगों की हत्या की साजिश रची गयी थी। बुधवार को दोनों को मारने की प्लानिंग थी। जिसकी सारी तैयारी कर ली गई थी। तभी पुलिस को भनक लग गयी और बदमाश गिरफ्तार कर लिया गया। इससे दोनों प्रतिनिधियों की जान बच गयी। पकड़ा गया बदमाश जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरनही गांव निवासी गयानाथ सिंह का पुत्र अनुज कुमार है।

उसके पास से एक पिस्टल, तीन गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। उसे हरनहीं से इसाढ़ी जाने वाले रास्ते से बुधवार की देर रात गिरफ्तार किया गया। उसका पूर्व से आपराधिक रेकॉर्ड रहा है। जिन प्रतिनिधियों की हत्या की साजिश की गयी थी। उनमें एक लोजपा नेता और एक पूर्व जिप सदस्य शामिल हैं। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को कुछ अपराधियों द्वारा किसी जनप्रतिनिधि की हत्या की साजिश रची गयी है। इसके लिए



अपराधी हरनहीं गांव से इसाढ़ी वाले रास्ते से जा रहे हैं। उसके बाद बदमाशों की धरपकड़ को एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बनायी गयी। सूचना के आधार टीम द्वारा हरनहीं से इसाढ़ी जाने वाले रास्ते में छापेमारी कर अनुज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से हथियार और गोली बरामद किया गया। पूछताछ में उसने पूर्व की दुश्मनी में दोनों प्रतिनिधियों की हत्या की साजिश रचने की बात स्वीकार की गयी है। घटना में शामिल कुछ अन्य बदमाशों की पहचान की गयी है। उसमें उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हथियार बरामदगी को लेकर गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। टीम में डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, जगदीशपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, डीआईयू के दारोगा राजीव कुमार, संजय कुमार, सिपाही ब्रहमानंद पाठक, अमित कुमार, चालक सिपाही राजेश कुमार शामिल रहे। बता दें कि पिछले साल 25 अगस्त को जगदीशपुर थाने के नारायणपुर के पास हरनही गांव निवासी पूर्व मुखिया गयानाथ सिंह को भी गोली मारी गयी थी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उससे कुछ माह पहले जगदीशपुर इलाके में ही एक लोजपा नेता को भी गोली मारी गयी थी।

## हत्या के 34 साल पुराने मामले में लापरवाही बरतने पर न्यायिक हिरासत में प्रभारी एसपी

**केटी न्यूज/रोहतास**

34 साल पुराने हत्या के एक मामले में लापरवाही बरतने पर रोहतास जिला न्यायालय ने प्रभारी एसपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जिसके बाद कोर्ट परिसर में प्रभारी एसपी को पूरे पांच घंटों तक प्रभारी एसपी को न्यायिक हिरासत में रखा गया। कोर्ट के इस फैसले से पूरे परिसर में चचाओं का माहौल गर्म हो गया। बताया जाता है कि हत्या के एक पुराने मामले में पुराने मामले में आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने और कोर्ट द्वारा जारी कुर्की जब्ती का तामिला प्रतिवेदन अदालत में पेश नहीं करने पर कोर्ट ने यह कार्रवाई की है। वहीं, कोर्ट ने एसपी आशिष भारती को उपस्थित होने का निदेर्या दिया था, लेकिन उनकी छुट्टी पर जाने के कारण प्रभारी एसपी सह मुख्यालय डीएसपी सरोज कुमार साह कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। जिन्हें पांच घंटे न्यायिक हिरासत में रखने के बाद कोर्ट ने उन्हें जाने का आदेश दिया। अदालत ने 24 अक्टूबर को हर हाल में एसपी को कोर्ट में उपस्थित रहने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश पर इस मामले को तीन माह की भीतर निष्पादित किया जाना है।

**6 में से 4 आरोपियों की हो चुकी है मौत :** मामले के संबंध में बताया जाता है कि वर्ष 1979 में जिले के नासरीगंज स्थित अतमीगंज गांव में रामानुज सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें कुल छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

मामले की सुनवाई के दौरान 6 में से 4 आरोपियों की मौत हुई। जिसमें दो आरोपियों के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण मामला लंबे समय से कोर्ट में लंबित है। मामले की निगरानी कर रहे पटना हाई कोर्ट ने रोहतास सिविल कोर्ट को तीन महीने के भीतर केस का निष्पादन करने का आदेश दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था।

इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपियों के घर की कुर्की जब्ती का भी निर्देश पुलिस को दिया। कोर्ट द्वारा एसपी को कई बार आदेश का पालन कराने के लिए पत्र भेजा गया, लेकिन पुलिस ने न तो दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और ना ही उनके घर की कुर्की जब्ती का प्रतिवेदन ही अदालत में पेश किया।

## नगर निकाय चुनाव की तारीख बढ़ सकती है आगे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में अगले महीने होनेवाले नगर निकाय चुनाव की तारीख आगे बढ़ सकती है। नगर निकाय चुनाव में आरक्षण मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने निर्णय सुरक्षित रख लिया। सुनील कुमार व अन्य की याचिकाओं पर चीफ जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकायों के चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार 10 अक्टूबर 2022 से होंगे। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि इस मामलें पर निर्णय पूजा अवकाश में सुना दिया जाएगा। कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर राज्य निर्वाचन



आयोग चुनाव के कार्यक्रम में परिवर्तन करने की जरूरत समझे, तो कर सकता है।

इससे पूर्व इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पटना हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि इस मुद्दे पर 23 सितम्बर 2022 तक सुनवाई कर ले, तो सही रहेगा। दिसंबर 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जा सकती, जब तक कि सरकार 2010 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित तीन जांच की अर्हता पूरी नहीं कर लेती। तीन जांच के प्रावधानों के तहत ओबीसी के पिछड़ापन पर आंकड़े जुटाने के लिए एक विशेष आयोग गठित करने और आयोग के सिफरिशों के मद्देनजर प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षण का अनुपात तय करने की जरूरत है। साथ ही ये भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि एससी/एसटी/ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा कुल उपलब्ध सीटों का पचास प्रतिशत की सीमा को नहीं पार करें। कोर्ट ने कहा कि जब तक तीन जांच की अर्हता नहीं पूरी कर ली जाती, ओबीसी को सामान्य श्रेणी के सीट के अंतर्गत पुनः अधिसूचित किया जाए।

### जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक मामले का मास्टरमाइंड पटना से गिरफ्तार

**पटना।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से ली गई कनीय अभियंता नियुक्ति परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक मामले के मास्टरमाइंड को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 3 जुलाई 2022 को हुई इस परीक्षा के प्रश्न पत्र परीक्षा से दो घंटे पहले लीक हो गए थे। मास्टरमाइंड अभिषेक कुमार पिता चंद्रेश्वर सिंह की गिरफ्तारी पटना के कंकड़बाग स्थित पत्रकार नगर से हुई। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में आरोपी रंजीत मंडल एवं दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया जाता है कि सभी गिरोह बनाकर बिजनेस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड चलाते हैं, जिसके तहत इस तरह के गलत काम करते हैं।

## भोजपुर में पुलिस पर फायरिंग कर भाग निकले शराब तस्कर, नाव व हथियार जब्त

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बहोरनपुर ओपी अंतर्गत चारघाट बांध के पास शराब तस्करी की सूचना पर पहुंची पुलिस पर माफियाओं द्वारा फायरिंग कर दी गयी। उसके बाद शराब तस्कर भाग निकले।? हालांकि फायरिंग की घटना में पुलिस कर्मियों को क्षति नहीं पहुंची। घटना के बाद पुलिस द्वारा एक छोटी नाव, एक देसी बंदूक, एक कट्टा, तीन गोली और एक खोखा बरामद किया है। घटना के संबंध में एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया देर शाम चारघाट बांध के समीप नदी के सहारे नाव से अवैध हथियार के साथ शराब की तस्करी की सूचना मिली थी। उस आधार पर ओपी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार सत्यार्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम चारघाट बांध पर पहुंची, तो एक नाव पर तीन-चार लोग देखे गए। पुलिस ने रोकने का इशारा किया, तो हवाई फायरिंग करते नदी में कूद कर भाग निकले। उसके बाद पुलिस द्वारा नाव और हथियार जब्त कर लिया गया। फायरिंग में शामिल तस्करों की पहचान कर ली गयी है। इधर, घटना को लेकर ओपी इंचार्ज सत्येंद्र सत्यार्थी के बयान नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उसमें चार नामजद और तीन अज्ञात को आरोपित किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दरोगा बुरी तरह से जख्मी, पटना रेफर

सासाराम। जिले के नगर थाना का एक दरोगा सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। मामले में बताया जाता है कि नगर थाना में तैनात दरोगा कैलाश पासवान नटवार थाना में केस से संबंधित कुछ चार्ज देने के लिए गए थे। लौटने के दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदर टक्कर मार दी। जिसमें उन्हें गंभीर रूप से चोट आईं। जिन्हें ग्रामीणों की सूचना पर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनके सिर पर 25 टांके लगाए। टक्कर इतनी भयावह थी कि हेलमेट पहनने के बावजूद उनका सिर फट गया और सिर की हड्डियां टूट गईं। मामले की जानकारी सासाराम टाउन थाना संजय कुमार सिन्हा ने दी।

# बिहार को अगले महीने मिलेगा नया बीजेपी अध्यक्ष, संजीव चौरसिया का नाम सबसे आगे

- किसी अति पिछड़ा वर्ग के नेता पर भाजपा खेल सकती है दांव

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार भाजपा के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल का कार्यकाल 14 अक्टूबर का पूरा हो रहा है। इससे पहले ही प्रदेश के नए अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीजेपी



हाईकमान इस बार सांगठनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। प्रदेश अध्यक्ष की कमान किसके हाथ होगी, इसका अभी कोई खुलासा तो नहीं हुआ है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि इसमें सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए किसी ऐसे नेता को चुना जाएगा जो मुखर होने के साथ-साथ संगठन को नई शक्ति प्रदान करे।

**नए प्रदेश अध्यक्ष की रेस में शामिल ये नेता :** बताया जा रहा है कि बीजेपी सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए किसी अति पिछड़ा वर्ग के नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहती है। संभावित प्रदेशाध्यक्ष की सूची में कई नेता शामिल हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संजीव चौरसिया का नाम सबसे आगे है। संजीव सिक्किम के राज्यपाल राम प्रसाद के बेटे और पटना के दीघा से विधायक हैं। इनके अलावा राजेंद्र गुप्ता का नाम भी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की रेस में चल रहा है। गुप्ता फिलहाल बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी हैं। इसके अलावा मुजफ्फरपुर से सांसद अजय निषाद, अररिया से सांसद प्रदीप सिंह, बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री जनकराम और संजय पासवान का नाम भी चर्चा में है। कहा ये भी जा रहा है कि पार्टी मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष संजय जायसवाल को ही इस पद पर बरकरार रखने पर विचार कर सकती है।

## शहर छोटी खबरें

### सड़क दुर्घटना में दो जख्मी

**अरवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर वासिलपुर के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी दोनों मोटर साइकिल आमने-सामने टकराई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों में प्रिंस कुमार उम्र 18 वर्ष पिता पिंटू चौधरी ग्राम वासिलपुर व दूसरा धनंजय कुमार उम्र 22 वर्ष पिता साहेब दयाल ग्राम नोनिया बीघा का रहने वाले हैं। दोनों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सासाराम।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर जम्होर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव के पास ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक की पहचान रोहतास जिले के छुडिया गांव के शिवमुनी राम के पुत्र 32 वर्षीय दुर्गेश कुमार के रूप में हुई है। युवक वर्तमान में ओबरा में अपने ससुराल में जमुना राम डोमा के घर छह महीने से रह रहा था। परिजनों ने बताया कि वह काफी नशा करता था। नशे की हालत में ट्रेन से कट गया है। मृतक की पत्नी पिंकी देवी का रो रो कर बुरा हाल है। जम्होर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थोड़ी देर में ही ट्रेनों का आवागमन सुचारू हो गया।

### पोखरा में डूबने से किशोर की गई जान

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव स्थित कृषि फार्म के समीप पोखरा में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक पकड़ी गांव निवासी सतेंद्र कुमार सिंह का 15 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार था।किशोर के चाचा मनजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे वह घर आया और मोबाइल फोन देकर बिना कुछ बताए पकड़ी गांव स्थित कृषि फार्म के समीप पोखरा में बच्चों के साथ चला गया। वहां नहाने के दौरान पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। उसे देख वहां मौजूद लोगों द्वारा उसे तालाब से बाहर निकाला गया। उसक बाद डायल112 नंबर को सूचना दी गयी। तब 112 नंबर की गाड़ी पहुंची और उसको सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

# दुर्गा पूजा में डीजे बजाने पर रहेगा पूर्ण रूप से प्रतिबंध : जिलाधिकारी

- आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को ले डीएम ने की शांति समिति की बैठक
- सफाई, सड़क मरम्मत सहित कई समस्यों को तत्काल दूर करने का दिया गया निर्देश



बैठक में शामिल जिलाधिकारी, एसपी व अन्य

**केटी न्यूज/सासाराम**

रोहतास जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आगामी दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखते हुये सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक, रोहतास, उप विकास आयुक्त, रोहतास, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर आयुक्त, नगर निगम, सासाराम, नगर परिषद, डिहरी, कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी, विद्युत एवं बुडको रोहतास, पूर्व विधायक जवाहिर प्रसाद तथा नगर पूजा समिति, सासाराम, डिहरी विक्रमगंज एवं मोहरम कमिटी के महासचिव के साथ सभी सदस्यों ने भाग लिया। उक्त बैठक में त्योहारों को सौहार्दपूर्ण मनाये जाने के उद्देश्य से संबंधित कई बिन्दुओं पर विस्तृत रुपये से विचार-विमर्श किया गया तथा प्रशासन को अपेक्षित सहयोग देने हेतु समिति के सदस्यों से आग्रह किया गया।बैठक में उपस्थित नगर पूजा समिति एवं मोहरम कमिटी के सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा बताये गये समस्याओं के निराकरण हेतु जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया ।

**सभी विभाग के अधिकारियों को दिए गए कई दिशा निर्देश :** जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम को निदेश दिया कि सासाराम शहर में बुडको के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं में व्याप्त समस्याओं को संबंधित विभाग के संवेदक, पदाधिकारी, पूजा समिति के सदस्यों आदि के साथ भ्रमण कर ठीक करवाना सुनिश्चित करें ताकि मूर्ति विसर्जन के समय किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। इसी तरह शहर के साफ-सफाई एवं मूर्ति विसर्जन स्थलों का भी भ्रमण कर समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि रावण वध किये जाने वाले स्थलों का स्वयं भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की दृष्टिकोण तथा अनुमानित भीड़ की स्थिति का ऑकलन करते हुये समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगें। विशेषकर सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी / अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि मां ताराचंडी धाम में होने वाले रावण वध स्थल का निरीक्षण करते हुये सुरक्षा की दृष्टिकोण से समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगें। इसके साथ ही साथ अपने-अपने अनुमंडलों में होने वाले मूर्ति विसर्जन की तिथि एवं समयों की सही जानकारी प्राप्त कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें ताकि उसके अनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम एवं डेहरी को निदेश दिया गया कि जूलूस के मार्ग, मूर्ति विसर्जन के मार्ग तथा रावण वध स्थलों के आस-पास लूज एवं लटके हुये तारों को अविलंब ठीक ठीक किया जाए। वही कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निदेश दिया गया कि शहर में जितने भी खराब एवं बंद चापाकल है, उसको अविलंब चालू करवाना सुनिश्चित करें। साथ फटे हुये जलापूर्ति पाईपों को भी अविलंब ठीक करवाना सुनिश्चित करें।

**अवैध गतिअवरोधक को जल्द हटाएं :** अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को निदेश दिया गया कि ताराचण्डी धाम पर सागर से जाने वाले रास्ते में ताराचण्डी, धाम के पास रास्ते में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा अवैध गतिअवरोधक का करा दिया गया है, जो कभी भी दुर्घटना हो सकती है। अतएव उसका स्थल निरीक्षण कर हटवाना सुनिश्चित करें। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी पंडाल संचालकों के माध्यम से महत्वपूर्ण तथा बड़े पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन करवाना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही सोशल मीडिया के अफवाहों पर निगरानी रखी जाय। लॉडस्पीकर की नियमानुसार अनुमति एवं डी जे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाय तथा सभी शर्तों के अनुसार अनुज्ञप्ति आदि को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# आरा में दोस्तों से मिलने गये आईटीआई छात्र की पानी में डूबोकर की गई हत्या

- परिजनों ने दोस्तों पर लगाया आरोप
- नवादा थाना क्षेत्र के कलेक्ट्रेट तालाब के नजदीक गुरुवार की सुबह मिला शव, छानबीन में जुटी पुलिस
- छात्र के मोबाइल व कलेक्ट्रेट तालाब के पास लगे सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिलामुख्यालय में अपने दोस्त से मिलने निकले आईटीआई छात्र की संदिग्ध मौत हो गयी। उसका शव गुरुवार की सुबह नवादा थाने के कलेक्ट्रेट तालाब के पास से बरामद किया गया। वह बुधवार की शाम दोस्तों से मिलने घर से निकला था।मृतक बीएसएफ के रिटायर दारोगा जीतेंद्र सिंह का 24 वर्षीय पुत्र नवनीत कुमार सिंह बिट्टू सिंह था। वह मूल रूप से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगहर गांव का निवासी था और फिलहाल नगर थाने के सुंदरनगर में परिवार के साथ रहता था। इधर, सुबह होते ही छात्र का शव मिलने से शहर में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। छात्र के परिजन उसके दोस्तों पर पानी में डूबो कर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। उसके बड़े पापा सत्येंद्र सिंह ने बताया कि वह बुधवार की रात करीब आठ बजे नवनीत के किसी दोस्त ने फोन किया था। उसके बाद वह उससे मिलने निकल गया था। देर रात तक नहीं लौटा, तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी। लेकिन कहीं पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह वह मॉनिंग वॉक पर रमना मैदान की ओर निकले थे। तब कलेक्ट्रेट तालाब सूर्य मंदिर के पास भीड़ लगी थी। भीड़ देख पहुंचे, तो उनके भतीजे का शव पड़ा था। उसके बाद वह घर गये और भाई सहित अन्य परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंचे

थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौत और घटना के कारणों की छानबीन में जुट गयी है।




### नवनीत का पूरी रात इंतजार करते रह गये घरवाले, सुबह आयी मौत की खबर

आईटीआई छात्र नवनीत उर्फ बिट्टू के घरवाले बुधवार को पूरी रात उसकी राह देखते रहे। लेकिन गुरुवार की सुबह उसकी मौत की खबर घर आ गयी। शाम में जल्दी लौटने की बात कह निकले नवनीत की हत्या की सूचना से उसके घर में रोना-धोना व कोहराम मच गया। इकलौते बेटे की मौत से मां का बुरा हाल हो गया था। बेटे के वियोग में वह बार-बार बेहोश हो जा रही थी?। शाम से ही बेटे के गायब होने से परेशान मां रीता देवी शव देखते ही बिलख पड़ी। उसकी चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया था। पिता भी बेहाल थे। बताया जा रहा है कि नवनीत उर्फ बिट्टू अपने माता-पिता का इकलौत पुत्र था। उसके परिवार में सिर्फ मां रीता देवी है और पिता बीएसएफ से रिटायर सब इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह हैं।

### हत्या या मौत : सीसीटीवी फुटेज और छात्र के मोबाइल से खुलेगा राज

आईटीआई के छात्र नवनीत कुमार सिंह उर्फ बिट्टू की हत्या पर सस्पेंस बना हुआ है। छात्र की हत्या की गयी है या फिर डूबने से मौत हुई है। इसका खुलासा करना पुलिस के लिए चैलेंज है। पुलिस इस का खुलासा करने में जुटी है। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सीडीआर को खंगाला जा रहा है। माना जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सीडीआर से इसका राज खुल सकता है। इधर, छात्र के परिजन भी उसके मोबाइल सीडीआर की जांच करने की मांग कर रहे हैं। छात्र के बड़े पिता सत्येंद्र सिंह का कहना है कि उनके परिवार का किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। हालांकि उन्होंने बिट्टू के कुछ दोस्तों पर पानी में डूबो कर हत्या करने और शव को तालाब के किनारे रख देने का आरोप लगाया है। लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। हत्या का कारण बताने में भी असमर्थता जाहिर की। कहा कि नवनीत के मोबाइल की जांच करने पर पता चलेगा कि किसने उसे फोन कर बुलाया था। उसके बाद ही मामला पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा। इधर, पुलिस उनकी शिकायत पर नवनीत कुमार सिंह उर्फ बिट्टू के मोबाइल की सीडीआर खंगाल रही है। वहीं कलेक्ट्रेट तालाब के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस खंगालने में जुटी है। ताकि पता चल सके कि नवनीत कलेक्ट्रेट तालाब के पास और किस हालत में पहुंचा था।

## लोहे के गेट में दौड़ रहा था करंट, बंद करने गई महिला बुरी तरह झुलसी

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना अंतर्गत धरहरा मोहल्ले में बुधवार की रात करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत महिला धरहरा मोहल्ला निवासी बसंत शर्मा की पत्नी अनीता देवी थी। परिजन सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार की रात घर के सभी लोग सोने चले गये। उसके बाद वह घर में लगे लोहे का गेट बंद करने गयी थी। गेट बंद करने के दौरान उसे करंट लग गया। उससे वह बुरी तरह झुलस गयी। उसके बाद आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार लोहे के गेट के बगल से बिजली का तार गुजर रहा था। वह तार किसी तरह खेप से सट रहा था। उसकी वजह से गेट में करंट दौड़ रहा था। इस बात की जानकारी किसी को नहीं थी। तभी गेट बंद करने गयी महिला करंट की चपेट में आ गयी और उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि महिला का पति फर्नीचर का काम करता है।

## नगर निकाय चुनाव में दो प्रत्याशियों पर अचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**केटी न्यूज/सासारम**

सासाराम नगर निकाय चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन का पहला मामला डेहरी नगर परिषद क्षेत्र में आया। जहां प्रशासन ने दो मुख्य पार्षद उम्मीदवार पर आचार संहिता उल्लंघन के मामले को लेकर थ्प्त् दर्ज कराया। दोनों मामले संपत्ति विरूपण से संबंधित हैं। एसडीएम समीर सौरभ ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर परिषद क्षेत्र में 12 अक्टूबर तक आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में आचार संहिता उल्लंघन को लेकर सीओ अनामिका कुमारी ने नगर थाना में मुख्य पार्षद प्रत्याशी किरण देवी व उप मुख्य पार्षद प्रत्याशी रानी कुमारी पर आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि शहर के राजपूतान मोहल्ला पथ के किनारे एक बैनर लगा हुआ था, जिस पर मुख्य पार्षद प्रत्याशी किरण देवी का फोटो व चुनाव चिन्ह लगा हुआ था, जो आचार संहिता उल्लंघन तथा सरकारी संपति का विरूपण माना गया है। वहीं दूसरी ओर एनीकट पथ में उप मुख्य पार्षद प्रत्याशी रानी कुमारी का पोस्टर टंगा हुआ था। जिसमें उनका तस्वीर व चुनाव चिन्ह था। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। सीओ ने बताया कि आचार संहिता का अनुपालन कराने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



# डीएम ने बराबर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर अधिकारियों से की चर्चा

- जिले में पर्यटकीय विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**केटी न्यूज /जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिले में पर्यटकीय विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने बराबर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर चर्चा की तथा पर्यटकीय क्षेत्र के रूप में सतत विकास करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में सिद्धेश्वरनाथ मंदिर तक पहुचानें वाली सीढी के चौड़ीकरण, सीढ़ी के रेलिंग की मरम्मती, यात्री शेड का निर्माण, चेंजिंग रूम की व्यवस्था इत्यादि आवश्यकता का आंकलन कर प्रस्ताव तैयार करने का निदेश दिया गया। साथ ही, बराबर में लाईटिंग की व्यवस्था, लेजर शो, गाइड इत्यादि हेतु कार्य योजना तैयार करने का निदेश नोडल पदाधिकारी, पयर्टन को दिया गया। वाणावर रज्जू पथ का निर्माण कार्य में तेजी लाने का भी निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में समस्त पर्यटकीय क्षेत्र यथा- बराबर, धराउत, पटना-बोध गया मार्ग में जहानाबाद की परिधि में पर्यटकों के लिए मार्गीय सुविधायुक्त पर्यटकीय संरचनाओं का निर्माण, झुनाठी सूर्य मंदिर स्थित पोखर एवं मंदिर स्थल का विकास कार्य, टेहटा बाजार में टूरिज्म पार्क एवं कुमरडीह पंचायत के ग्राम चांढ में सूर्य मंदिर परिसर में मैरेज हाल निर्माण, खानकाह हयातिया, अमथुआ व काको का विकास कार्य एवं मुसाफिरखाना निर्माण कराने हेतु विस्तृत जांच कर प्रस्ताव तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

### पर्यवेक्षण गृह का डीएम ने किया निरीक्षण, बच्चों को दिए टिप्स

वहीं, जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के नेतृत्व में जिला निरीक्षण समिति द्वारा पर्यवेक्षण गृह जहानाबाद का निरीक्षण किया गया। इस समिति की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी जहानाबाद द्वारा किया जाता है। जिसमें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण ईकाई आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। पर्यवेक्षण गृह जहानाबाद में आवासित विधि विवादित किशोरों के आवासन, स्वास्थ्य, खान-पान, साफ सफाई की व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक पाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु निदेश दिया गया। वार्डन द्वारा किशोरों को शिक्षा हेतु एक उच्च माध्यमिक शिक्षक, एक कम्प्यूटर शिक्षक एवं एक संगीत शिक्षक के प्रतिनियुक्ति हेतु अनुरोध किया गया है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी बच्चों का कुशलक्षेम पूछा एवं अच्छी आदतों को अपनाने एवं नेकी के रास्ते पर चलते हुए जीवन में कामयाब इंसान बनने हेतु प्रेरित किया। गृह में मच्छर से बचाव हेतु फॉगिंग और अन्य जरुरी उपाए करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। गृह में जरुरी भवन निर्माण कार्यो को विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति लेकर शीघ्र निर्माण कार्य हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निदेश दिया। बालकों को स्वस्थ और फिट रखने एवं समग्र विकास हेतु खेल कूद की गतिविधि को बढावा देने का निदेश दिया गया।



## एक नजर

### सीएम अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना के तहत 49 आवेदकों का हुआ चयन



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पांडय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना अन्तर्गत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के लिए चयनित 49 ऋण आवेदकों के बीच एकरारनामा बुक एवं कागजीकरण वितरण किया। इसके लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन व प्रभारी प्रमण्डलीय (मगध) पदाधिकारी धर्मेश कुमार एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। शिविर में आवेदकों द्वारा ऋण केलिए सभी आवश्यक दस्तावेज यथाः- ऋणावेदक हेतु आवश्यक दास्तवेज- ऋणावेदक का तीन अदद् रंगीन फोटो, बैंक पासबुक की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति, 20 अदद् चेक उत्तर दिनांकित, निवास प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित मूल प्रति एवं आय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित मूल प्रति में तथा गारंटर हेतु आवश्यक दास्तवेज - आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति, मकान का रेन्ट रसीद या जमीन के मालगुजारी का अद्यतन मूल रसीद (एक लाख तक के ऋण राशि हेतु), दो अद्यतन रंगीन पास्पोर्ट साईज फोटो, सरकारी गारंटर की सेवा पुस्तिका एवं वेतन पर्ची की अभिप्रमाणित प्रति और आयकर दाता के व्यक्तिगत गारंटी हेतु पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं आईटीआर अद्यतन दो वित्तीय वर्ष का रिटर्न फाईल का स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना अन्तर्गत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के लिए चयनित कुल 49 लाभुकों में से 31 लाभुक उपस्थित हुऐ, जिनके बीच बुकलेट का वितरण किया गया। लाभुकों द्वारा सभी वांछित दस्तावेज कार्यालय में जमा करने के उपरांत ऋण स्वीकृति हेतु बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्त निगम, पटना को भेजा जाएगा।

### विश्व हृदय दिवस पर लोगों को जीवन को रोग मुक्त बनाने के बताएं गए तरीके



**अरवल।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श पखवाड़ा मनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. राय कमलेश्वर नाथ सहाय के द्वारा किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि विश्व हृदय दिवस के अवसर पर सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें। लोगों को जीवन को खुशहाल और रोग मुक्त बनाने के लिए तरीके बताएं। आज के दौर में भागदौड़ भरी जिंदगी में अधिकतर लोग तनाव भरी जिंदगी जी रहे है। जिससे दिल की बीमारी होने का खतरा रहता है। साथ ही, जीवन शैली में बदलाव और असंतुलित खानपान से भी दिल के रोगी बढ़ रहे हैं। ऐसे में दिल का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। दिल स्वस्थ है तो जीवन भी सुरक्षित है। हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस दिवस का उद्देश्य लोगों को दिल को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करना होता है। वर्तमान समय में दिल के रोगी बढ़ रहे हैं। हालत ये है कि अब कम उम्र में भी दिल के रोगी सामने आ रहे हैं। जबकि पहले यह बीमारी उम्रदराज लोगों में ज्यादा होती थी। जिस तरह की भागदौड़ भरी जिंदगी चल रही है, ऐसे में लोग अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कम ध्यान दे रहे हैं।

### अंधाधुंध फायरिंग मामले में इस्तेमाल पिस्टल, कारतूस व कार बरामद, अपराधी गिरफ्तार

**आरा ।** जिले के शाहपुर बाजार गोली कांड का खुलासा हो गया। प्रेम प्रसंग को लेकर घटना को अंजाम दिया गया था। गोली कांड में इस्तेमाल पिस्टल, कार, मिस्ड फायर गोली, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एक गोलीबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। वह शाहपुर निवासी करण कुमार है। हालांकि घटना का मास्टर माइंड अभी फरार है। उसकी पहचान कर ली गयी है और उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। एसपी संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 25 सितंबर की शाम शाहपुर बाजार में एक कार सवार बदमाशों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। उसके बाद बदमाशों की पहचान व धरपकड़ को लेकर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मानवीय इनपुट के आधार पर दो बदमाशों की पहचान की। उस आधार पर शाहपुर निवासी करण कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल कार, पिस्टल, एक गोली, दो मिस्ड फायर गोली, एक खोखा बरामद किया गया। टीम में डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, शाहपुर थानाध्यक्ष नित्यानंद शर्मा, दारोगा राजेंद्र प्रसाद, संजीव कुमार, डीआईयू के दारोगा राजीव कुमार और राकेश कुमार शामिल थे।

# हार्ट डे... हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर होने वाली गतिविधियों की होगी निगरानी: सीएस

■ विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत स्तर के लोगों के ब्लड प्रेशर व शुगर की होगी जांच

■ सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में किया पखवाड़ा का शुभारंभ

**केटी न्यूज/बक्सर**

विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गुरुवार को गैर संचारी रोगों की जांच के लिए शिविर लगाया गया। इसमें मुख्यतः मरीजों के ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई। सदर अस्पताल में आयोजित शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने किया। इसके बाद सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल और होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस पर शिविर में अपने रक्तचाप की जांच कराई। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि जिले में 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला से लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है, जिसमें लोगों के लिए निःशुल्क जांच सह चिकित्सा परामर्श पखवाड़ा का भी आयोजन किया जाएगा।



जिसकी सतत निगरानी की जाए। मौके पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. आरबी श्रीवास्तव, डीपीएम मनीष कुमार, एनसीडीओ डॉ. संजय कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. वरूण साकृत, डॉ. निशांत चौबे, डॉ. पीसी प्रसाद, अस्पताल मैनेजर दुष्यंत सिंह, दिवेश, राजेश राकेश, नर्सिंग स्टाफ संध्या और पूजा मौजूद थी।

**हृदय को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को दी जाएगी जानकारी :** एनसीडीओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि 12 अक्टूबर तक जिले के अनुमंडल अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ एचडब्ल्यूसी व एपीएचसी स्तर पर लोगों की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही, चिकित्सकों द्वारा उन्हें उच्च रक्तचाप एवं हृदयाघात से बचाव के उपायों की जानकारी देने के साथ स्वस्थ हृदय के लिए सही खान-पान की आदतों वाली जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी जाएगी। लोगों को हृदय रोग से बचाव के लिए उपाय बताए जाएंगे। जिसमें रक्तचाप एवं मधुमेह की नियमित जांच कराने, रक्त में नियमित रूप से कॉलेस्ट्रॉल की जांच कराने, नियमित व्यायाम करने, संतुलित आहार लेने एवं तनाव मुक्त जीवन अपनाएं व तंबाकू सेवन न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**खानपान सही रखें और धूम्रपान से रहें दूर :** एनसीडी डॉ. संजय कुमार ने शिविर में आए लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि हृदय रोग अधिकतर मामलों में अनियमित खानपान अर्थात वसायुक्त एवं अत्यधिक तेल मसाले युक्त भोजन, शारीरिक श्रम नहीं करने या धूम्रपान की वजह से होता है। हार्ट अटैक से हर साल लाखों लोगों की जान जाती है। अनियमित जीवनशैली भी हृदय रोग का मुख्य कारण है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप के लोगों को भी हृदय रोग होने की संभावना होती है। इसलिए इस पखवाड़े में मधुमेह तथा रक्चाप की स्क्रीनिंग के साथ खानपान की सलाह भी दी जाएगी। साथ ही, जिले में निःशुल्क जांच सह चिकित्सा परामर्श पखवाड़ा की आम जन में जानकारी के लिए प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।

### हृदय रोग से बचने के उपाय

- धूम्रपान तथा शराब का सेवन करना बंद कर दें
- कोलेस्ट्रॉल के स्तर को सामान्य पर बनायें रखें
- वजन को नियंत्रित रखें, मोटापा से बचें
- शारीरिक रूप से हमेशा खुद को सक्रिय बनाए रखें
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं
- शुगर, रक्तचाप को सही स्तर पर रखें
- हमेशा सही और पौष्टिक आहार का सेवन करें

## शहर छोटी खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से की महिला की मौत

**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से वाराणसी की रहने वाली एक महिला की मौत हो गई है। मृतका की पहचान बनारस के सारनाथ इलाके के प्रकाश चंद्र गुप्ता की पत्नी अंबालिका गुप्ता उम्र 31 वर्ष के रूप में की गई है। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय जीआरपी ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। जीआरपी प्रभारी रामाशीष प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है।

### शौच को गई किशोरी की आहर में डूबने से गई जान

**ब्रह्मपुर।** घर से शौच के लिए निकली एक किशोरी की आहर में डूबने से मौत हो गई है। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना बगेन थाना क्षेत्र के कैथी पंचायत अंतर्गत चौबे चक के डेरा गांव की है। मृतका दुर्गावती कुमारी उम्र 17 वर्ष पिता बबन यादव अहले सुबह घर से शौच के लिए निकली थी। लेकिन जब एक घंटा बाद भी वापस नहीं आई तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। ग्रामीणों ने आहर में एक किशोरी के शव उतराने की जानकारी दी। जब परिजन वहा पहुंचे तो शव की पहचान दुर्गावती के रूप में किए। मौके पर पहुंची बगेन पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों मे मायूशी छाई हुई है।

### शिविर में बीपी व सुगर की हुई जांच

**डुमरांव ।** गुरुवार को विश्व हृदय दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी पीएचसी व एचडब्ल्यूसी पर स्वास्थ शिविर का आयोजन कर लोगों के बीपी, सुगर आदि की जांच की गई। स्वास्थ विभाग द्वारा 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक जाकरूकता पखवाड़ा मनाया जाएगा तथा हर दिन स्वास्थ केन्द्रों पर लोगों के स्वास्थ की जांच के साथ ही उन्हें रोगों से बचाव के लिए कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एमओआईसी डॉ. आरबी प्रसाद के नेतृत्व में शिविर का आयोजन कर मरीजों की स्वास्थ जांच के अलावे उन्हें नियमित व्यायाम करने तथा खान पान सुधारने की नसीहत दी गई।

# निकाय चुनाव: क्या माफिया तय करेंगे इस बार बक्सर नगर परिषद का भविष्य?

## चल रही है जगह-जगह गोलबंदी, राजनीतिक रोटी सेंकने वाले भी मैदान में

**अविनाश उपाध्याय/बक्सर**

नगर परिषद चुनाव को लेकर सरगर्मी अपने शबाब पर है। इस बार मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद का चुनाव सीधे जनता करेगी। इस वजह से सबका ध्यान इसी तरफ है। हालांकि, यह दोनों पद अति पिछड़ा महिला वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इस वजह से बहुत से लोग अपनी-अपनी राजनीतिक ताकत दूसरों पर लगा रहे हैं। अब इसके पीछे उनका क्या स्वार्थ है वहीं जाने। लेकिन, फिलहाल जो तस्वीर शहर में देखने को मिल रही है। उससे यह बात स्पष्ट हो गई है। तावा किसी और का है और रोटी कोई और सेक रहा है। हालांकि यह चुनावी बवंडर 10 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान क्या-क्या देखने और सुनने को मिलेगा। वह धीरे-धीरे सबकी नजरों के सामने आ रहा है। बक्सर नगर परिषद क्षेत्र में तीन धुरंधर अपनी-अपनी ताकत लगा रहे हैं। जिनकी पृष्ठभूमि दागदार है। इन सबने




चुनावी चकल्लस

एक-एक प्रत्याशियों को अपना समर्थन दिया है। या यूं कहें लोग खुलकर प्रचार भी कर रहे हैं। हसीन सपने भी दिखाए जा रहे हैं। लेकिन, राजनीतिक खिलाड़ियों के झांसे में कितने लोग आते हैं। यह तो वक्त बताएगा। लेकिन, आम जन को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। ऐसे लोगों को चुने जो जन समस्या पर ध्यान दे। शहर की जो वर्तमान स्थिति है। उसका बखान करने लायक नहीं है। पहले जो लोग निर्वाचित थे। उनकी करनी भी किसी से छिपी नहीं है। बात शहर में दुकान आवंटन की हो या सरकारी राशि के दुरुपयोग की। वह किसी से छिपी नहीं है। यहां कूड़ेदान से लेकर, रेडीमेड शौचालय और एक नाली को चार बनाकर राशि लोग डकार गए गए। हालांकि किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता। फिलहाल सड़क पर जितने भी लोग समाजसेवी का मुखौटा पहन राजनीतिक रोटी सेकने उतरे हैं। उनमें एक भी ऐसा नहीं है। जिसने शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए धरना अथवा प्रदर्शन किया हो। राजनीति करने वाले सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक व वैसे मुद्दों को हवा देते हैं। जिससे उनका चेहरा चमके। ऐसे लोगों को जवाब सिर्फ वैसे लोग दे सकते हैं। जो किसी के राजनीतिक प्रभाव में नहीं हैं। इसलिए जरूरी है दस अक्टूबर को जनता बूथ पर आए और ऐसे लोगों के खिलाफ मतदान करें, जो राजनीतिक माफिया बने घूम रहे हैं।

### 42 वार्डों के पार्षद पद के लिए 244 उम्मीदवार

**बक्सर।** जिले में इस बार होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर सभी की नजरें बक्सर नगर परिषद की कुर्सी पर टिकी हुई हैं। मजेदार यह है की इस बार 34 की जगह 42 वार्डों के लिए चुनाव होने है। नगर परिसमन के बाद आठ वार्डों की संख्या बढ़ाई गई है। इन आठ वार्डों में पांडेयपट्?टी पंचायत, छोटका नुआंव, बड़का नुआंव, मलहचकिया, जासो पंचायत, बाबा नगर (विष्णुपुरी), निरंजनपुर, सारिमपुर, अहिरौली, मारुति कॉलोनी को शामिल किया गया है। इन 42 वार्डों के लिए कुल 244 उम्मीदवार हुंकार भर रहे हैं। वहीं, मुख्य पार्षद के लिए 15 व उपमुख्य पार्षद पद के लिए 11 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। जिनकी किस्मत का फैसला नगर परिषद अंतर्गत वार्डों के मतदाताओं के द्वारा किया जाएगा। मुख्य पार्षद और उपमुख्य पार्षद के उम्मीदवारों की संख्या 16 से कम है। जिसके कारण इन दोनों पदों के चुनाव के लिए सभी वार्डों में एक एक ईवीएम लगाए जाएंगे। बताया जाता है कि इस बार प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कुल 134395 मतदाता करेंगे। जिनमें 60363 पुरुष, 54031 महिला और एक ट्रांसजेंडर शामिल है।

## डीएम व विधायक ने किया निबंधन कार्यालय का उद्धाटन के साथ शुरू हुई जमीनों की रजिस्ट्री

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव प्रखंड कार्यालय के लालदास राय भवन में गुरुवार को बक्सर जिलाधिकारी अमन समीर ने अवर निबंधन कार्यालय का विधिवत दीप प्रज्वलित और फीता काटकर उद्धाटन किया।

उद्धाटन के बाद से जमीनों के रजिस्ट्री का काम शुरू हो गया। इस दौरान जिला अवर निबंधक अजय कुमार, डुमरांव अवर निबंधक विशाल कुमार, एसडीएम कुमार पंकज, नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

बिहार सरकार के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने 12 अगस्त को अधिसूचना संख्या 4050 जारी कर डुमरांव में अवर निबंधन कार्यालय खोलने का निर्देश दिया था। जिसके बाद डीएम ने कई भवनों का निरीक्षण कर प्रखंड कार्यालय में अस्थायी तौर पर लालदास राय भवन का चयन किया था। विगत एक सप्ताह से भवन का रंग-रोगन सहित शेड का निर्माण कराकर इसे नये लुक में परिवर्तित किया गया।



बताया जाता है कि डुमरांव अनुमंडल के सात प्रखंडों के लोगों को जमीन खरीद-बिक्री करने को लेकर अब जिला मुख्यालय की दौड़ नही लगानी पड़ेगी। गांव-जवार से आने वाले लोगों को निबंधन बस की सुविधा दी गयी है, जो तय रूटों पर चलेगी। विधायक की पहल और सरकार के निर्णय ने रंग लाया और अनुमंडलवासियों को शारदीय नवरात्र में एक बड़ी खुशी मिली है।

## शहीद दिवस व सेवा पखवाड़ा के तहत भाजयुमो ने शहीद के परिवार को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/चौगाई**

बुधवार को शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती तथा सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा युवा मोर्चा ने सरहद की रक्षा करते शहीद हुए चौगाई के जवान विक्रम सिंह के परिजनों को सम्मानित किया। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शहीद विक्रम सिंह के पिता कमलेश सिंह को अंग वस्त्र, भारत माता की चित्र तथा तिरंगा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकताओं ने कहा कि शहीद का पिता होना सबसे बड़ा गौरव है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भगत सिंह 18 वर्ष की उम्र में शहीद हुए थे। जबकि विक्रम सिंह भी महज 22 साल की उम्र में देश की रक्षा के लिए वीरगति पाई है। इनका बलिदान भी भगत सिंह के सरीखा ही है। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों के बदौलत ही आज हम अपने घरों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवार तथा सेना के जवानों का सम्मान सभी को करना चाहिए। जबकि जिलाध्यक्ष प्रियरंजन ने कहा कि नसीब वालों को शहादत मिलती है। गौरतलब है कि एक जून 2021 को फफदर को चौगाई के फफदर गांव निवासी व भारतीय थल सेना के जवान विक्रम सिंह शहीद हो गए थे। उनके पिता कमलेश सिंह भी भारतीय सेना में है। उन्हें भी अपने बेटे की शहादत पर गर्व है। सम्मान समारोह के दौरान भाजपा बक्सर के जिला महामंत्री इंद्र बहादूर सिंह, भाजयुमो के जिला मंत्री अभिनंदन मिश्र, डा संजय मिश्र, शिवशंभू पांडेय, आशीष ठाकुर, चंदन सिंह समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### उधुरा श्रीराम मंदिर के संस्थापक वेणीमाधव जी महाराज के ब्रह्मोत्सव में हुआ संतो का जमावड़ा



**ब्रह्मपुर।** बक्सर के जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड स्थित उधुरा गांव के चर्चित व नौ लखा मंदिर के नाम से विख्यात श्रीराम मंदिर के संस्थापक तथा ब्रह्मलीन हो चुके संत श्री श्री 1008 श्री वेणीमाधव जी महाराज का ब्रह्मोत्सव गुरूवार को काभी भव्य तरीके से मनाया गया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था। जिसमें बनारस, अयोध्या, मथुरा समेत कई अन्य तीर्थ स्थलों से हजारों की संख्या में साधु संत शामिल हुए। आयोजक समिति द्वारा सभी साधु संतो को प्रसाद खिला अंगवस्त्र तथा नकद राशि देकर विदा किया गया। बता दें कि श्री श्री 1008 श्री वेणीमाधव जी महाराज भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त थे तथा वे 60 वर्षों तक गृह त्याग कर अयोध्या में अपने अराध्य भगवान की अराधना किए थे। वहा से लौटने के बाद उन्होंने अपने पैतृक गांव उधुरा में भव्य श्रीराम मंदिर बनवाया। जिसके नौलखा मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ब्रह्मोत्सव में अयोध्या से पधारे उनके परम शिष्य श्री श्री 1008 श्री शिवराम दास जी महाराज उर्फ फलाहारी बाबा ने कहा कि त्याग और परमार्थ से ही समाज का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि सुकर्मो के कारण ही महापुरूष अमर रहते है। उन्होंने वेणीमाधव जी को इसी श्रेणी का महापुरूष बताया। जबकि मंदिर के महंथ भरत दास जी महाराज ने कहा के हमारे गुरू ने मुझे वो सब कुछ दिया जिसे मैं सांसारिक जीवन में कभी पा नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन पर चलने का प्रयास रहेगा। भरत दास जी ने कहा कि उनके अराध्य भगवान श्रीराम व गुरू की कृपा से वे आगे भी इस मंदिर का संचालन करते रहेंगे। इस दौरान हजारों साधु संतो ने पुष्पांजलि और भंडारा में हिस्सा लिया। ब्रह्मोत्सव समारोह को सफल बनाने में पुजारी रामदास, सोनू, दिनेश, शैलेन्द्र, राहुल, दिवाकर, प्रभात, अरबिंद, रवि, हिमांशु, त्रिपुरारी, राजू, रिशु, दपीक, प्रमोद, अजय आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### बच्चों के साथ पेड़ पर खेलने के दौरान किशोर के गले में गमछा फंसा, लोगों ने बचाई जान



**डुमरांव।** गुरुवार को बच्चों के साथ पेड़ पर खेलने के दौरान एक किशोर के गले में गमछे का फंदा फंस गया, जिस कारण उसकी हालत गंभीर हो गई। हालांकि वहा मौजूद लोगों द्वारा उसके गले का फांस बन चुके गमछे को खोल उसकी जान बचा ली गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन उसे लेकर तत्काल इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां समाचार लिखे जाने तक उसका इलाज चल रहा था। मामला कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुंगाव गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार मुंगांव के मंगल यादव का चौदह वर्षीय पुत्र रोहित कुमार घर से थोड़ी दूर एक बागीचे में अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। खेलने के दौरान ही वह गले में गमछे का फंदा लगा पेड़ पर झूलने लगा था। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी। लोगों की नजर तत्काल उस पर पड़ने तथा उसे पेड़ से जल्दी उतार लिए जाने के कारण उसकी जान बच गई। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि वह खुद फंदे बनाकर झूल रहा था या उसके साथ खेल रहे बच्चों ने शरारत की है। इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी नहीं चल सकी है। खेल खेल में हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों में कई तरह की चर्चा हो रही है। बहरहाल निजी अस्पताल में इलाज के बाद किशोर की जान बच गई है तथा उसकी हालत तेजी से सुधर रही है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी तीन अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाई कठोर सजा

**बक्सर।** अपर जिला व सत्र न्यायाधीश-6 सह पास्को के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर दत्त मिश्र ने गुरूवार को एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपियों को साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। जिसमें दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को 20-20 साल की सजा तथा 20-20 हजार रूपए अर्थदंड तथा उनके इस कृत्य में सहयोग करने वाली एक महिला अभियुक्त को एक वर्ष की सजा तथा एक हजार रूपए का जुमार्ना लगाया है। मामला राजपुर थाना क्षेत्र में 9 जून 2021 को घटित हुई थी। कोर्ट ने दुष्कर्मी संजय राम व राकेश राम को 20 वर्षो के कठोर कारावास तथा आर्थिक दंड के अलावे उनके सहयोगी संगीत देवी को एक वर्ष की सजा तथा एक हजार रूपए का जुमार्ना लगाया है। पुलिस द्वारा दिए गए चार्जशीट में बताया गया है कि संगीत ने किशोरी को झांसे में ले एक रूम में बंद कर दिया था। जिसके बाद दोनों आरोपियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया था। इस आशय की जानकारी विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि पीड़िता को बिहार पीड़ित प्रतिकार योजना के तहत पांच लाख रूपए भी देने का आदेश भी पारित किया गया है।

# शाही महल में विराजेंगी मां, नौ रूपों के होंगे दर्शन

- चौक रोड के पंडाल में मां काली व भगवान गणेश की आकर्षक होगी प्रतिमा
- बंगाल के कारीगर दे रहे अंतिम रूप

**केटी न्यूज/डुमरांव (बक्सर)**

नवरात्र को लेकर माता के भक्तों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। डुमरांव शहर के 10 से अधिक स्थानों पर इस बार पूजा पंडाल में माता रानी विराजेंगी। इसके लिए विभिन्न जगहों पर मां की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार डुमरांव के



स्थापित मां की प्रतिमा (फाइल फोटो)

चौक रोड स्थित सार्वजनिक कुआं पर मां दुर्गा, शाही महल में विराजेंगी, जहां श्रद्धालु मां के नौ रूपों के दर्शन करेंगे। पूजा समिति के सदस्य नये जोश के साथ शाही महल का स्वरूप देते हुए पंडाल का निर्माण कराने में जुटे हैं। इसके लिए बंगाल के कोलकाता से कारीगरों को बुलाया गया है। श्री जय मां दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि भव्य पंडाल में मां काली के नरसंहार स्वरूप प्रतिमा और भगवान हनुमान के हाथों पर विराजमान प्रभु श्रीगणेश अपने हाथों से तीर चलाकर महिषासुर का संहार करेंगे। इस प्रतिमा के आकर्षक रूप देने के लिए बंगाल के मूर्तिकार प्रदीप पाल एंड ग्रुप का विशेष योगदान है। मां दुर्गे के नौ रूपों के साथ महालक्ष्मी, महासरस्वती, कार्तिकेय का भी श्रद्धालु दर्शन करेंगे।

समिति के उपाध्यक्ष अभिषेक चौरसिया, पिंटू जायसवाल, सचिव मुन्ना सोनी, संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष राहुल जायसवाल, रोहित केशरी, शेखर वर्मा, संयोजक विजय वर्मा पादरी, छठु सिंह जायसवाल, मनोज वर्मा, किशन, विनय वर्मा, दिलीप, रिशु, रोहित, नीतिन शंकर, आदित्य, पंकज आदि ने बताया कि यहां पांच दशकों से मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जाती है। यहां की प्रतिमा डुमरांव सहित आसपास के इलाके में चर्चित रही है। कई बार यहां की साज-सजावट और विशालकाय प्रतिमा को लेकर पुरस्कार भी मिला है। पंडाल के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च होने का अनुमान है। इस पूजन को लेकर करीब पांच लाख की राशि का बजट बनाया गया है।

पंडाल का स्वरूप 40 फीट ऊंचा होगा और अंदर में बेहतर सजावट कर शाही महल का स्वरूप दिया जायेगा। श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए समिति के सदस्यों ने विशेष तैयारी की है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदस्यों की तैनाती की जायेगी। प्रशासन की भी मदद ली जायेगी। माहौल भक्तिमय बना रहे इसकी पूरी व्यवस्था की गयी है। समिति ने बताया कि अष्टमी को महाआरती होगी और महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है।

## शहर छोटी खबरें

### ताल-तालाबों की निलामी के लिए सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** राष्ट्रीय निषाद संघ उप्र के जिलाध्यक्ष राधेश्याम बिन्दु ने जनपद में तहसील अधिकारियों की मिली भगत से किये तालाब और मछली पालन के गड्ढों की निलामी निरस्त करते हुए पुनः ताल-तालाबों की निलामी कराए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वक्ताओं ने तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की भी मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में स्वामी नाथ साहनी, राजकुमार निषाद, डॉ. चंदमा कश्यप, हरे कृष्ण पासवान, जयप्रकाश निषाद, ओम प्रकाश साहनी, चंद्र मल साहनी, हरे राम साहनी, संजय प्रसाद आदि शामिल हैं।

### शहीद भगत सिंह की मनाई गई जयंती

**बलिया।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की 116 जयंती अखिल भारतीय कबीर सेवा संस्थान के कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक वसी उल्लाह अंसारी ने बताया कि जयंती समारोह में जन अधिकार मंच और अखिल भारतीय ब्रह्म सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई है। जयंती समारोह में अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, डॉ. फतेहचंद बेचैन, भूराराम मोहित कुमार गुप्ता, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ विनोद पांडेय, अमन वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. संतोष ने किया।

### 18 अक्टूबर को होगा प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव

**बलिया।** उप्र प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक अध्यापक भवन में जिला संयोजक जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शिक्षक, शिक्षामित्रों और रसोइयों की समस्याओं पर विचार किया गया। साथ ही, संघ के प्रांतीय नेतृत्व में 18 अक्टूबर को जिलाध्यक्ष जिला कार्यकारिणी का चुनाव कराए जाने की तिथि घोषित की गई। जिसके तहत श्री मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय के मनोरंजन हाल में जनपदीय चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। बैठक में ज्ञानेंद्र गुप्ता, सैफुद्दीन, जितेंद्र प्रताप सिंह संजय दुबे विद्यासागर दुबे शशि ओझा वीरेंद्र पाल यादव ओम प्रकाश अजीत पांडे उदय नारायण राम अशोक यादव बलवंत सिंह अजय मिश्रा आदि शामिल रहे।

### दशहरे की छुट्टी मनाने गांव लौट रहा छात्र ट्रेन से गिरा, मौत

**गाजीपुर।** दशहरे का छुट्टी मनाने गांव लौट रहा छात्र की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। दुघर्टना मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मीरगंज गांव के पास हुई। सूत्रों के अनुसार वह दशहरा की छुट्टी पर वाराणसी से घर आ रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हाटा गांव निवासी विवेकानंद यादव उर्फ हिमांशु वाराणसी में मामा के घर पर रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दशहरा की छुट्टी होने पर वह सुबह वाराणसी से सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन से गांव आ रहा था।

# गोपियों को बातों में उलझाकर माखन की चोरी करते हैं कान्हा

**केटी न्यूज/बक्सर**



- 'सुर्पणखा नासिका भंग व खर दूषण वध' सहित 'माखन चोरी लीला' का हुआ मंचन'
- 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव का 12वें दिन

श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान 12वें दिन गुरुवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मंडल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान 'माखन चोरी लीला' नामक प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि श्री कृष्ण अपने घर में माखन की चोरी कर रहे होते हैं, जहां यशोदा मैया उनकी चोरी को पकड़ लेती हैं। उसके बाद वो अपने लल्ला को माखन चोरी की आदत छोड़ने को कहती हैं। यशोदा कहती हैं कि तुम्हारी इसी आदत के चलते ब्रज की गोपियां रोज शिकायत करती हैं। इस बात पर श्री कृष्ण अपनी मैया को माखन चोरी छोड़ने का वचन देते हैं और दूसरी तरफ व्रज की गोपियों के घर में चोरी करने पहुंच जाते हैं। गोपियां कन्हैया को रंगे हाथ पकड़ लेती हैं परंतु श्री कृष्ण गोपियों को अपने बातों में उलझा कर उनके ही घर में उन्हें बांधकर अपने सखाओं के साथ माखन की चोरी करते हैं। इस दृश्य को देख दर्शक रोमांचित हो श्रीकृष्ण की जयकार करने लगते हैं।

**कौव का वेश बनाकर भगवान की परीक्षा लेने आता है जयंत :** वहीं देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान 'सुर्पणखा नासिका भंग व खर दूषण वध' प्रसंग का मंचन हुआ। जिसमें दिखाया गया कि प्रभु श्री राम स्वयं सीता जी का सुंदर श्रृंगार करते हैं। उसी वक्त जयंत की पत्नी वहां पहुंचती है और भगवान श्री राम का दर्शन कर उनके चरणों की भक्ति मांगती है। भगवान की कृपा से वह स्वर्ग पहुंचती है। वहां जयंत ने अपनी पत्नी से पूछा की तुम कहां गई थी। वह सारा वृतांत बताती है। जयंत कौवें का वेश बनाकर भगवान की परीक्षा लेने आता है। जहां वह सीता जी के पैर में चोट मारता है। श्री राम जयंत के लिए अग्निबाण छोड़ देते हैं। जिससे बचने के लिए वह अपने पिता इंद्र के अलावे भागते हुए भोलेनाथ और ब्रह्मा जी के पास जाता है। परंतु उसकी रक्षा कोई नहीं करता। अंत में नारद जी ने बताया कि जिसका तुमने अपराध किया है उसी के शरण में जाओ। जयंत श्री राम की शरण में आता है। जहां भगवान उसपर कृपा करते हुए उसकी एक आंख फोड़ देते हैं। जयंत पर कृपा करके भगवान श्री राम आगे बढ़ते हुए अत्रि ऋषि के आश्रम पहुंचते हैं। जहां वह श्री राम का भव्य स्वागत करते हैं और सीता जी को माता अनसूईया जी के पास शिक्षा लेने के लिए भेजते हैं।

### दोनों भाइयों के सौंदर्य को देखकर मोहित हो जाती है शूर्पणखा

माता अनुसूया सीता को स्त्री धर्म का उपदेश देती है। यहां से आगे बढ़ने पर सरभंग ऋषि मिलते हैं। वह उनका उद्धार करते हुए आगे प्रस्थान करते हैं। मार्ग में अगस्त ऋषि से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए पंचवटी में निवास करते हैं। वहां श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण को सुंदर उपदेश देते हैं। उसी समय रावण की बहन शूर्पणखा पंचवटी पर घूमने आती है और दोनों भाइयों के सौंदर्य को देखकर मोहित हो जाती है। वह अपना सुंदर सा रूप बनाकर दोनों भाइयों के समक्ष जाती है और विवाह करने का प्रस्ताव देती है। दोनों भाइयों के मना करने के बाद भी वह विवाह करने के लिए हठ करने लग जाती है। तब श्री लक्ष्मण ने गुस्से में आकर शूर्पणखा की नाक काट देते हैं। नाक कट जाने पर शूर्पणखा खर दूषण और त्रिसरा के पास विलाप करते हुए जाती है। खर दूषण श्री राम से युद्ध करने आता है, जहां प्रभु श्रीराम उसका वध कर देते हैं। इस प्रंसंग को देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते है और पांडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंज उठता हैं।

# बैरिया में किसान की निर्मम हत्या

# हाथ व पैर बांधकर रेत डाला गला

- एसपी ने स्वयं की घटनास्थल की जांच, परिजनों से की पूछताछ
- मामले में सभी बिंदुओं पर होगी जांच, स्पेशल टीम का हुआ गठन

**केटी न्यूज/बलिया (बैरिया)**



रोते बिलखते परिजन व इनसेट में मृतक

बलिया के बैरिया थाना अंतर्गत हेमंतपुर गांव के समीप गुरुवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जब स्थानीय लोग ट्रैक के समीप पहुंचे, तो शव देखकर तो उनके होश उड़ गए। शव के दोनों हाथ और पैर बांधे हुए थे और किसी ने धारदार हथियार से मृतक का गला रेत डाला था। मृतक की पहचान हेमंतपुर के रहने 52 वर्षीय किसान हरेराम राम के रूप में हुई है। वह पेशे से किसान था। शव मिलने की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। इस बीच किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसकी सूचना पर पुलिस आननफानन में मौका-ए-वारदात पर पहुंची। जहां पुलिस ने शव का पंचानामा कर आसपास के इलाकों का जायजा लिया। घटना की जानकारी होने पर एसपी राज करन नय्यर भी घटनास्थल आ पहुंचे। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर स्थानीय लोगों और परिजनों से पूछताछ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस जवान भी आ पहुंचे। इधर, किसान की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि घटना देररात की है। अपराधियों ने पहले हरेराम राम को पहले उठाकर वहां लाया और उसका हाथ पैर बांध होगा। जिसके बाद उन्होंने किसान की हत्या की होगी। हालांकि, एसपी राज करन नय्यर ने अब तक सीधे तौर पर कुछ नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचेगी। पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने एसपी को बताया कि हरेराम अपने परिवार के साथ गांव पर रह कर खेती करते थे। बुधवार को शाम को भी प्रतिदिन की भांति वह खाना खाने के बाद घर से कुछ दूर बने डेरे पर सोने के लिए चले गए। रात में बदमाशों ने गला रेतकर हत्या कर दी और उन्हें अगली सुबह इसकी जानकारी हुई।

### पुलिस को झेलना पड़ा ग्रामीणों का आक्रोश

मामले से गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर बवाल काटा। आलम यह रहा कि जब पुलिस को कब्जे में लेने के लिए पहुंची थी, तब ग्रामीणों ने पहले अपराधियों व हत्यारों को पकड़ने की मांग करने लगे। गुस्साए ग्रामीणों का आक्रोश इतना था कि वो एसपी और न जवानों की एक भी बात सुनने को तैयार थे। जिसकी सूचना मिलने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। इधर, जिला प्रशासन की ओर से सीओ भी मौके पर पहुंचे। सीओ ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रशासन की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### पत्नी के बयान पर दर्ज की गई है प्राथमिकी

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जिसकी रिपोर्ट जल्द ही मिल जाएगी। दूसरी ओर, मृतक की पत्नी चंद्रावती देवी के बयान पर गंगापुर के सुखारी साहू, विजय शंकर साहू, पाल साहब उर्फ राम दर्शन साहू व मोनू साहू के अलावा कोटवा निवासी सोनू साहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।

**– राज करन नय्यर, एसपी, बलिया**

## सशक्तिकरण... बेटियां ही कल, आज व कल के भविष्य के रूप में सार्वभौम हैं : प्राचार्य

**केटी न्यूज/बलिया**

कुंवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया में गुरुवार को स्नातक प्रथम वर्ष में नव प्रवेशी छात्राओं को प्राचार्य प्रो. अंजनी कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. मुमताज के दिशानिर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत महिला कल्याण विभाग की ओर से कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें महिला शक्ति केंद्र में जिला समन्वयक निकिता सिंह एवं वन स्टॉफ सेंटर से श्रीमती सोनी यादव बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषयक अपने वक्तव्य में राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. राजेंद्र पटेल ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका दिन प्रतिदिन बढ़ी है। आज जब हम समाज के विकसित स्वरुप पर विहंगम दृष्टि डालते हैं, तो उपर्युक्त कथन स्वतः सिद्ध हो जाता है। महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. दिव्या मिश्रा ने कहा कि आज हम लोग संपूर्ण भारत की सशक्त छवि के रूप में परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और रहेंगे। समन्वयक महिला शक्ति केंद्र निकिता सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए पंचम वर्ष में स्नातक स्तरीय छात्राओं के लिए इस योजना हेतु लाभ की जानकारी दी और उन्हें अपने गांव में जरुरतमंद लड़कियों तक इस योजना को प्रसारित करने की सलाह दी ताकि अधिकतम लोगों तक इसकी पहुंच बन सके।

प्राचार्य प्रो. अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि बेटियां ही कल, आज और कल के भविष्य के रूप में सार्वभौम हैं। संचालन हिन्दी विभाग में अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. मनजीत सिंह ने किया।

## टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में एक की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले के सुखपुरा थाना अंतर्गत ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर हो गई है। जिसमें एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, घटना में छह लोग घायल हो गए। जिसमें बलिया से अलग-अलग क्षेत्र के निवासी टैंपू में सवार होकर करनई के तरफ जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक टेंपो चालक नशे की हालत में चूर था। अचानक पेट्रोल पंप के पास डिवीएस पैलेस हाल के सामने से आ रही ट्रैक्टर में टेंपो ने टक्कर मार दिया। जिसके कारण टैंपू में सवार लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। जिसमें से ओमप्रकाश 24 वर्षीय पुत्र प्रेमचंद्र करनई निवासी की मौत हो गई है। अनामिका सिंह, निराला नगर निवासी राजेश सिंह, करनई निवासी सुमित्रा देवी, करनई निवासी शिवानंद सिंह, आराजी परसिया निवासी सुशील व करनई निवासी गंभीर रूप से घायल हैं। सभी का इलाज जिला अस्पताल बलिया में चल रहा है।

## एक नजर

### समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में हर विस क्षेत्र से 10 प्रतिशत सक्रिय कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा

**बलिया।** 28 और 29 सितंबर को उप्र की राजधानी लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में समाजवादी पार्टी का प्रांतीय और राष्ट्रीय अधिवेशन होने वाला है। जिसमें जाने की तैयारी में जिले के कार्यकर्ता भी जुट गए हैं। सपा के निवर्तमान जिला प्रवक्ता सुशील कुमार पांडेय कान्हजी ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र से सक्रिय कार्यकताओं में से दस प्रतिशत कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने जाएंगे और पन्द्रह प्रतिशत प्रांतीय अधिवेशन में जाएंगे। जिसकी सूची जनपद से प्रदेश कार्यालय को दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में होने जा रहे प्रांतीय 28 व 29 सितंबर राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने को बड़े नेताओं से लेकर छोटे कार्यकर्ता तक में उत्साह है। सपा कार्यकताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। कान्हजी ने कहा कि पार्टी के सम्मेलन में भाग लेने को लेकर जिस प्रकार का जोश दिखाई दे रहा है, उसे देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि 2024 में लोकसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका बड़ी होने वाली है। युवाओं के जोश के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ेंगे।

### छात्रा से दुष्कर्म के ओरोपी को पुलिस ने दबोचा

**दिलदारनगर ।** थाना क्षेत्र के एक इंटर कालेज से घर जा रही छात्रा को दिनदहाड़े सरेराह अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपियों की तलाश में पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह में एक आरोपी को दबोच लिया। सूत्रों कि मानें तो उसिया गांव निवासी इरफान खान उर्फ कल्लू पुत्र सरफराज को उसिया गांव के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। उसे थाने लाकर पूछताछ के बाद गुरूवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया। थाना निरीक्षक अशेष सिंह ने बताया कि पीड़िता थाना क्षेत्र के एक गांव की इंटर कॉलेज में 9वीं कि छात्रा है और दो युवकों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दूसरा आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बाल कटवाने के नंबर को लेकर मारपीट, पांच घायल

**मनियर।** मनियर थाना क्षेत्र के घोघा चट्टी पर बुधवार की देर शाम बाल कटवाने को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें दो लड़कों में बाल कटवाने के नंबर को लेकर विवाद हो गया जिसमें युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। धारदार हथियार से चोटिल होने की भी सूचना मिल रही है। इस मामले में एक पक्ष से 5 लोगों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पर हुआ। एसएचओ मनियर आरआर यादव ने बताया कि घटना में छह नामजद एवं करीब 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपी फरार हैं। जहां से एक्सरे ,सीटी स्कैन के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल युवक मनीष यादव पुत्र स्वर्गीय राजा यादव , पंकज यादव पुत्र हरिशंकर यादव,शैलेंद्र यादव पुत्र बृजनाथ यादव, अजय यादव पुत्र रविंद्र नाथ यादव, अशोक यादव पुत्र सूर्यनाथ यादव है।

### सैकड़ों लोगों को दिलाई गई अपना दल एस की सदस्यता

**बलिया।** अपना दल एस के आजमगढ़ मंडल प्रभारी अहमद मंसूरी एवं सावंत पटेल के निर्देश पर नगर विधानसभा का दायित्व सौंपे जाने पर कहा कि पार्टी पदाधिकारियों ने निदेर्शों का निष्ठा पूर्वक आगे भी पालन होता रहेगा। अबतक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को पार्टी की सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर सानिवि डाकबंगले में मंडल प्रभारी को सदस्यता शुल्क की रसीदे सौंपते हुए पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आकाश पटेल ने प्रान्तीय नेताओं को विश्वास दिलाया कि पार्टी हाई कमान द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारी का शत शत प्रतिशत अनुपालन किया जायेगा। साथ ही, सदस्यता अभियान भी जारी रहेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज पटेल, रविंद्र पटेल, महासचिव युवा मंच जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष चंदू सिंह, राकेश पासवान आदि मौजूद रहे।

# गंगा के घाटों को पर्यटन स्थल के रूप में करें विकसित : डीएम

- नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

**केटी न्यूज/बलिया**



बैठक में शामिल डीएम व अन्य।

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के अंतर्गत ग्राम प्रधानों, सचिवों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसका उद्देश्य गंगा के किनारे बसे ग्राम पंचायतों के संबंध में जानकारी हासिल करना और ग्राम पंचायतों के माध्यम से गंगा को कैसे स्वच्छ किया जाना था। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से इस संबंध में चर्चा की। जहां ग्राम प्रधानों ने बताया कि उनके यहां गंगा के किनारे वाले स्थलों पर घाट निर्माण, शवदाहगृह का निर्माण और मछुआरों के जीवन यापन के लिए रोजगार के नए अवसर तलाशने की आवश्यकता है। क्योंकि मछुआरे वाले क्षेत्रों में शिक्षा का अभाव है। साथ ही, वे केवल मछली पकड़ने के कार्य में ही लगे रहते हैं। जिसके कारण उनकी आए बहुत कम है। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों से अपने-अपने क्षेत्रों में गंगा के किनारे घाटों का निर्माण कराने मंदिरों का सुंदरीकरण करने और मछुआरों के जीवन यापन के लिए रोजगार के नए अवसर तलाशने के निर्देश दिए। क्योंकि घाटों का निर्माण हो जाने से यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा जिससे मछुआरों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

वहीं, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि इस तरह की 64 ग्राम पंचायतें हैं, जो गंगा नदी के किनारे स्थित है। नमामि गंगा की टीम जल्द ही इन क्षेत्रों का भ्रमण करेगी और इस बात की जानकारी हासिल करेगी कि किस प्रकार इन क्षेत्रों को रिवर फ्रंट के रूप में विकसित किया जाए। जिलाधिकारी ने गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाए जाने पर भी चर्चा की। जिसमें बताया गया कि जिले में गंगा की सहायक नदियां भी गंगा में प्रदूषण लाती हैं। अतः इन नदियों में मिलने वाले नालों के पानी को भी स्वच्छ करना आवश्यक है। तहसीलदार सदर ने बताया कि यदि उजियार घाट का निर्माण कर दिया जाए तो अच्छा पर्यटन स्थल बन सकता है। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि तहसीलदार बैरिया ने बताया कि हल्दी से रामगढ़ के बीच शवदहनगृह का निर्माण किया जाए। ईओ नगरपालिका ने बताया कि कटहल नाले का पानी गंगा में जाता है। अतः इसके लिए स्टेपी बनाना आवश्यक है। गंगा के किनारे साफ सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मचारी और मशीनों की आवश्यकता होने की बात उन्होंने कही। पीडी डीआरडीए ने बताया कि ग्राम पंचायतों में पर्यटन स्थल के रूप में डेवलपमेंट करने के लिए नए सिरे से शुरूआत करनी होगी। क्योंकि घाटों पर महिलाएं स्नान करने के लिए आती है अतः उनके कपड़ा बदलने के लिए अलग कमरे बनाया जाए।

जिलाधिकारी ने इन सब बातों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि इसके साथ ही गंगा नदी में डॉल्फिन भी पाई जाती है जिसे स्थानीय भाषा में सुस कहा जाता है जो पर्यटन का एक प्रमुख साधन बन सकती है। अतः सभी ग्राम प्रधान अपने-अपने क्षेत्रों में घाटों का निर्माण जल्द से जल्द करवाएं जिसके लिए सरकार की तरफ से धन आवंटित किया जाएगा।

### पति को छोड़ सकती हूं, मोबाइल को नहीं

**गाजीपुर।** बुधवार को गाजीपुर जिला के बिरनो थाना क्षेत्र के गजपतपुर गांव ऐसा मामला सामने आया जिसे हसास्यपद कहे या समाज पर पड़ रहे गलत प्रभाव। जहां महज एक साल में शादी टूट गई है। पुलिस ने लाख समझाने का प्रयास किया। परन्तु सफलता नही मिली। इसका मुख्यकारण है मोबाइल। पुलिस ने काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन महिला ने कहा कि वह पति को छोड़ सकती है, लेकिन मोबाइल नहीं। पंचायत के बाद दोनों अलग हो गए और एक दूसरे का सामान वापस कर दिया। आज की भागमभाग वाली जिंदगी में मोबाइल का अत्याधिक उपयोग रिश्तों पर भारी पड़ रहा है। इसका यह ताजा उदाहरण है।